दिन– रविवार दिनांक– 16 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार पुलिस एसोसिएशन ने मुंगेर में शहीद सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के परिवार को मुआवजा और निकट आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

02. अररिया में ए एस आई हत्याकाण्ड की जांच पूर्णिया डीआईजी ने शुरू की।

03. भारतीय मानक ब्यूरो ने बिना मानक के उत्पाद बेचने पर फ्लिप कार्ट, अमेज़न सहित कई ई–कामर्स कंपनियों पर कार्रवाई की।

04. और प्रदेश के मौसम में तेजी से बदलाव। अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ने से गर्मी में वृद्धि।

————————————————————————

बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन ने मुंगेर में सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार सिंह की हत्या की कड़ी निन्दा की है। बिहार पुलिस संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने मृतक एएसआई के परिवार को उचित मुआवजा और उनके आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग राज्य सरकार से की है।

–––बाइट–––

इधर, मुंगेर के डीआईजी राकेश कुमार ने कहा है कि एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी गुड्डु कुमार और एक महिला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। श्री कुमार ने बताया कि जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नंदलालपुर में मारपीट की घटना को सुलझाने गए एएसआई पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। इस घटना में उनकी मौत हो गयी थी।

–––बाइट–––

पिछले कुछ दिनों में बिहार पुलिस के दो अधिकारियों की हत्या से पुलिस विभाग शोक में है। उल्लेखनीय है कि तेरह मार्च को अररिया जिले के फुलकाहा में पदस्थापित एएसआई राजीव रंजन मल्ल की भी अपराधियों ने हत्या कर दी थी।

————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना के एएसआई राजीव रंजन मल्ल हत्या की जांच पूर्णिया प्रक्षेत्र के डीआईजी पी. के. मंडल स्वयं करेंगे। डीआईजी ने कहा कि इस मामले में अब तक छह लोग गिरफ्तार किए गये हैं और मुख्य अपराधी अनमोल यादव

की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोगों पर स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दिलायी जायेगी।

———————————————————————

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में फिट इंडिया उत्सव का उद्घाटन करेंगे। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य फिट इंडिया अभियान के अनुरूप अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली तथा मोटापा मुक्त राष्ट्र को प्रोत्साहन देना है। इस दौरान रस्सी कूद, क्रिकेट बॉलिंग और स्टेशनरी साइकिलिंग तथा पंजा लडाना जैसे खेलों का आयोजन किया जायेगा। समारोह में आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स का प्रतीक चिन्ह और गीत का भी अनावरण होगा। खेलो इंडिया पैरागेम्स इस महीने की बीस तारीख से राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ होंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा कार्य और खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे तथा अभिनेता आयुष्मान खुराना भी उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता फोटो पहचान पत्र और आधार को लिंक करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए मंगलवार अठारह मार्च को बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त, गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव और यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ इस बारे में चर्चा करेंगे।

———————————————————————

पद्म पुरस्कार—दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। यह पुरस्कार अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिये जायेंगे। नामांकन की अंतिम तारीख इस वर्ष इकतीस जुलाई दो हजार पच्चीस है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

———बाईट———

पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। समाचार कक्ष से राजेश मीणा।

चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य लोक सेवक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले कर्मचारी इस पुरस्कार के पात्र नहीं हैं।

———————————————————————

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस ने लखनऊ, गुरूग्राम और दिल्ली जैसे देश के अन्य कई शहरों में अमेजॉन और फ्लिपकार्ट समेत कई प्रमुख ई–कामर्स प्लेटफार्म के अनेक गोदामों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य असुरक्षित और अप्रमाणित उत्पादों के वितरण पर रोक लगाना है।

–––बाईट–––

बीआईएस ने निगरानी के दौरान पाया है कि अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो, मिंत्रा, बिग बासकेट के ई–कामर्स प्लेटफार्म पर अनेक अप्रमाणित उत्पाद बेचे जा रहे हैं। हालांकि इन उत्पादों पर बीआईएस चिन्ह अनिवार्य है। यह परीक्षण सुरक्षा और कामकाज के न्यूनतम मानकों के लिए आवश्यक है। बीआईएस ने उपभोक्ताओं से ऐसे उत्पादों की सूचना देने के लिए बीआईएस केयर ऐप का उपयोग करने का अनुरोध किया है। यह ऐप उपभोक्ताओं को उत्पाद के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। समाचार कक्ष से करिश्मा राय।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि महात्मा गांधी के चित्र वाले एक सौ और दो सौ रुपये की नई सीरीज के नोट शीघ्र जारी किये जायेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार इन नोटों का डिज़ाइन महात्मा गांधी के चित्र वाले मौजूदा एक सौ और दो सौ रुपये के नोटों से मिलता–जुलता होगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पूर्व में जारी किए गए सभी एक सौ और दौ सौ रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से छत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। राज्य के अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापामन उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि सुबह और शाम में मौसम सामान्य बना रहेगा, लेकिन दिन में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी।

–––बाइट–––

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर भेज सकते

हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की अट्‌ठाईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

———————————————————————

परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने लोगों से इकतीस मार्च तक ड्राईविंग लाईसेंस और वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नंबर अपडेट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं कराने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जायेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र और फिटनेस प्रमाण पत्र भी जारी नहीं किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सितम्बर दो हजार चौबीस से अब तक बत्तीस हजार से अधिक लोगों ने वाहन रजिस्ट्रेशन में अपना आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर अपडेट कर लिया है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा में गलत दस्तावेज अपलोड करने वाले अभ्यर्थियों को सुधार के लिए मौका दिया है। अभ्यर्थी आज तक राजपत्रित पदाधिकारी से प्रमाणित अपना सही प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

———————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने कहा है कि बिहार पुलिस में लगभग बीस हजार सिपाहियों की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के अठारह अप्रैल तक बने प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। पर्षद ने जारी निर्देश में कहा है कि अठारह अप्रैल तक बने सभी शैक्षणिक, जाति और आवास प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा। पर्षद ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल है और इसके बाद जारी कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में ग्यारहवीं की परीक्षा कल से जबकि नौवीं की परीक्षा बीस मार्च से शुरू होगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार ग्यारहवीं की परीक्षा पच्चीस मार्च तक दो पालियों में ली जायेगी। वहीं, कक्षा नौ की वार्षिक परीक्षा भी पच्चीस मार्च तक चलेगी। दोनों कक्षाओं के परीक्षार्थियों को पन्द्रह मिनट का अतिरिक्त समय प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए मिलेगा।

———————————————————————

प्रदेश में होली का त्योहार छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में लोगों ने पेड़ पौधों के साथ होली मनाई।

स्थानीय वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व से सटे नरवल बरवल पंचायत के अंतर्गत पिपरा गाँव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्रामीण पिछले पंद्रह वर्षों से वृक्षों के साथ होली का त्योहार मना रहे हैं। इस गांव के लोगों ने पेड़–पौधों के साथ होली खेलकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पिपरा गांव निवासी गजेंद्र यादव पिछले बीस वर्षों में दस लाख से अधिक पौधे लगाकर कीर्तिमान बना चुके हैं।

———————————————————————

पूर्व मध्य रेल होली के बाद अपने–अपने गंतव्यों को जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कई विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया है कि पटना से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत विशेष ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को छोड़कर इक्कीस मार्च तक चलेगी। राजेन्द्र नगर–नई दिल्ली क्लोन स्पेशल ट्रेन गुरूवार को छोड़कर इकतीस मार्च तक चलेगी। पटना–नई दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन अठारह मार्च तक प्रतिदिन किया जाएगा। पटना–पुरी स्पेशल ट्रेन उनतीस जून तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को चलेगी। वहीं, पटना–विशाखापत्तनम ट्रेन का परिचालन सत्रह, चौबीस और इकतीस मार्च को पटना से होगा। दानापुर–कोटा होली स्पेशल ट्रेन कल रात दानापुर से नौ बजकर पंद्रह मिनट पर खुलेगी। दानापुर–लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन सोलह और अठारह मार्च को दानापुर से शाम सवा छह बजे रवाना होगी। भागलपुर–नई दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन सत्रह और बीस मार्च को भागलपुर से दोपहर ढाई बजे खुलेगी। कटिहार–अमृतसर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन सत्ताईस मार्च तक प्रत्येक गुरूवार को किया जाएगा।

———————————————————————

मधुबनी जिले में गश्ती के दौरान एस.एस.बी की अड़तालीसवीं बटालियन ने सीमांत चौकी फुलहर स्तंभ संख्या दो सौ अट्ठासी के पास अवैध शराब जब्त की है।

खगड़िया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार पुलिस एसोसिएशन ने मुंगेर में शहीद सहायक अवर निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के परिवार को मुआवजा और निकट आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

02. अररिया में ए एस आई हत्याकाण्ड की जांच पूर्णिया डीआईजी ने शुरू की।

03. भारतीय मानक ब्यूरो ने बिना मानक के उत्पाद बेचने पर फ्लिप कार्ट, अमेज़न सहित कई ई–कामर्स कंपनियों पर कार्रवाई की।

04. और प्रदेश के मौसम में तेजी से बदलाव। अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ने से गर्मी में वृद्धि।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।